भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
13.12.2012 को राज्य सभा में
पूछा जाने वाला अतारांकित प्रश्न संख्या : 2171

हरियाणा के फतेहाबाद जिले में परमाणु विद्युत संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव

2171. डा. कनवर दीप सिंह :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हरियाणा के फतेहाबाद जिले में स्थापित किए जा रहे परमाणु विद्युत संयंत्र को पर्यावरण और वन मंत्रालय तथा परमाणु ऊर्जा विनियामक बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और यदि कोई कार्य-योजना प्रस्तावित है तो उसका ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय
(श्री वी. नारायणसामी)

(क) से (ग) तक पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) रिपोर्ट पूरी कर ली गई है और जन-सुनवाई आयोजित की गई है। पर्यावरण तथा वन मंत्रालय (एमओईएफ) ने परियोजना के प्रस्तावक से अतिरिक्त सूचना मांगी है। गोरखपुर स्थल के लिए स्थल निर्धारण संबंधी सहमति हेतु आवेदन-पत्र परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद (एईआरबी) को प्रस्तुत कर दिया गया है।

****